जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/1050 दिनांक : 18.08.2017

प्रति,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
शासकीय / अशासकीय सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, परिक्षेत्र, ग्वालियर

विषय :- सत्र 2017-18 में स्नातक प्रथम वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूह के अनुसार ही छात्रों को प्रवेश देने बावत्।

संदर्भ :- मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय के पत्र क्रमांकः1164/342/सीसी/2017, भोपाल दिनांक :04 अगस्त 2017

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि स्नातक प्रथम वर्ष सत्र 2017-18 में बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. /बी.एस.सी. (होम साइंस) प्रथम वर्ष में छात्रों को प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न संकायों के लिए निर्धारत विषय समूहों के अनुसार ही मान्य किया जावेगा तथा आगामी मुख्य परीक्षा में केवल वे ही छात्र सम्मिलित हो सकेंगे जिन्होंने विश्वविद्यालय के विषय समूहों के अनुसार विषय का चयन किया होगा। यदि किसी छात्र के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूहों के विपरीत किसी विषय का चयन कर प्रवेश प्राप्त किया होगा तो उसकी आगामी मुख्य परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न नहीं करायी जावेगी।

अतः आप यह सुनिश्चित करें कि आपके महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेशित सभी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूहों के अनुसार ही प्रवेश प्राप्त किया है। यदि इसमें कोई विसंगति हो तो शासन द्वारा निर्धारित दिनांक **22 अगस्त 2017** तक पोर्टल पर आवश्यक संशोधन कर कार्यवाही पूर्ण करें।

आगामी वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2018 हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय समूहों की जानकारी पत्र के साथ निम्नानुसार संलग्न कर प्रेषित है।

आपसे अनुरोध है कि निर्देशानुसार कार्यवाही पूर्ण कर विश्वविद्यालय को परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

सत्र 2017-18 स्नातक प्रथम वर्ष (वार्षिक पद्धति) कक्षाओं हेतु विषय-समूहों का निर्धारण

(अ) कला संकाय (बी.ए.)

	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	अंग्रेजी साहित्य/ संस्कृत/ उर्दू/ हिन्दी साहित्य/ फंक्शनल अंग्रेजी/ फंक्शनल हिन्दी
2.	विषय समूह द्वितीय	इतिहास/ अर्थशास्त्र/ सांख्यिकी/ दर्शनशास्त्र
3.	विषय समूह तृतीय	समाजशास्त्र/ सैन्यविज्ञान/ मनोविज्ञान/ गृहविज्ञान
4.	विषय समूह चतुर्थ	भूगोल/ राजनीतिशास्त्र/ चित्रकला/ संगीत, वाद्य तथा नृत्य/ गणित/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन

(ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	रसायनशास्त्र/ सांख्यिकी/ भूविज्ञान/ सैन्यविज्ञान/ इलैक्ट्रोनिक्स/कम्प्यूटर साइंस /I.T. (INFORMATION TECHNOLOGY)
2.	विषय समूह द्वितीय	गणित/ प्राणिकी/ अर्थशास्त्र/फूड एण्ड न्यूट्रीशन
3.	विषय समूह तृतीय	भौतिकशास्त्र/ वनस्पतिशास्त्र
4.	विषय समूह चतुर्थ	भूगोल/ इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/ बायोकमैस्ट्री/ इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/ इनवायरमेंटल साइंस/फोरेन्सिक साइंस/फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री/बायोइन्फोरमेटिक्स

(स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	लेखा समूह
2.	विषय समूह द्वितीय	प्रबंध समूह
3.	विषय समूह तृतीय	व्यावहारिक अर्थशास्त्र / कम्प्यूटर एप्लीकेशन समूह

(द) बी.एससी. (होम साइंस)

	अनिवार्य विषय समूह	आधार पाठ्यक्रम
1.	विषय समूह प्रथम	आधारीय पोषण एवं वस्त्र एवं परिधान का परिचय
2.	विषय समूह द्वितीय	मानव विकास का परिचय एवं संसाधन प्रबंध का परिचय
3.	विषय समूह तृतीय	प्रसार एवं संचार एवं शरीर क्रिया विज्ञान

महत्वपूर्ण नोटः-

बी.ए./बी.एससी. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी आधार पाठ्यक्रम समूह के अतिरिक्त निर्धारित चार विषय समूहों में से किन्हीं तीन विषय समूहों में से तीन विषयों का (प्रत्येक विषय समूह में से एक विषय का) चयन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान् संपादक महोदय, दैनिक .... की ओर इस निवदेन के साथ कि वे अपने लोकप्रिय समाचार में उक्त अधिसूचना को समाचारवृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समन्वयक, संबंधित अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष/सूचना पटल, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. इंटरनेट इंचार्ज, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा0/उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)